ALLURING RAJASTHAN-2021
प्रदर्शनी में शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर की भागीदारी

दिनांक 04 अगस्त, 2021 से 06अगस्त, 2021 तक इंदर रेजीडेंसी, उदयपुर में प्रयास एक्सिबिशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित **"Alluring Rajasthan-2021" प्रदर्शनी** में शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान, जोधपुर द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल लगायी गई। प्रदर्शनी आयोजन का उदघाटन विधायक श्री मनफूल सिंह मीना एवं जिला प्रमुख ममता कुंवर द्वारा किया गया। उपरोक्त अतिथियों द्वारा आफरी स्टॉल का भ्रमण कर आफरी द्वारा विकसित विभिन्न प्रोद्योगिकियों एवं अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

इस प्रदर्शनी में आफरी संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों को विभिन्न पोस्टरों, नीम पत्ती की खाद, संस्थान की पौधशाला में तैयार औषधीय पौधे एवं वृक्ष प्रजातियाँ इत्यादि तथा संस्थान के आधारभतू सरंचना एवं अनुसंधान गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान करने वाली एक लघु वीडियो फिल्म प्रदर्शित की गई।

प्रदर्शनी में विभिन्न पोस्टरों के माध्यम से संस्थान की प्रमुख अनुसंधान उपलब्धियां : टिब्बा स्थिरीकरण में सतही वनस्पति का उपयोग, लवणीय बंजर भमि का पुनर्वासन, जैव जल निकास से जल भराव क्षेत्र का सुधार (पुनर्वास), जल प्रबंधन, शुष्क क्षेत्रों के लिए शस्य चारागाह उपज मॉडल, संस्थान द्वारा विकसित प्रोद्योगिकियाँ, संस्थान के शोध प्रभागों का विविरण, बीज एवं कलम द्वारा गुग्गल का प्रवर्धन, खेजड़ी प्रबंधन, राजस्थान और गुजरात के जंगलों में कार्बन सिक़्वेस्ट्रेशन आदि विषय से संबन्धित जानकारी को भी प्रदर्शित किया।

विभिन्न औषधीय पौधे और उनके उत्पाद जैसे अजंन, रीठा, चिरोंजी, सफेदा, सोनामुखी, धोक, धावड़ा, अरडु, नीम, शीशम, रोहिड़ा, सागवान, पार्किंसोनिया, खेजड़ी, करंज, सुबबूल, सरेस, कुमठ, गुग्गुल के गोंद, करंज का तेल, सफ़ेद मूसली, शतावरी, अश्वगंधा की जड़े आदि सामग्री भी प्रदर्शित की गई ।

संस्थान की पौधशाला में तैयार शीशम, कदंब, इमली, अमलताश, कुमठ, खारा जाल, खेजड़ी, रोहिड़ा, अर्जुन, बेर, चन्दन, बहेड़ा, खेर (कत्था), देशी बबुल आदि वृक्ष प्रजातियाँ की पौध तथा अश्वगंधा, केर, गुग्गुल, इत्यादि औषधीय पौधों को रूट ट्रेनर में प्रदर्शित किया गया।
प्रदर्शनी में संस्थान की अनुसंधान गतिविधियां तथा तकनीकी विवरण वाली विस्तार सामग्री सूचना पुस्तिका तथा शुष्क क्षेत्र में पाये जाने वाले महत्तवपूर्ण वृक्षों एवं औषधीय पौधों की जानकारी से संबन्धित विभिन्न प्रकार के पम्फ्लेट्स भी वितरित किये गये ।

आफरी संस्थान के श्री धाना राम, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, श्री अनिल सिंह चौहान, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने स्टॉल पर आगंतुकों को प्रदर्शनी एवं अन्य वानिकी विषयों पर जानकारी दी तथा आगंतुकों की विभिन्न जिज्ञासाओं का जवाब दिया।

प्रदर्शनी आयोजन में स्टॉल लगाने की व्यवस्था का कार्य श्री धाना राम, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, श्री अनिल सिंह चौहान, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी एवं श्री राजूसिंह, एम.टी.एस. द्वारा सम्पन्न किया गया।

Alluring Rajasthan प्रदर्शनी कुछ झलकियां (glimpses)

ARID FOREST RESEARCH INSTITUTE JODHPUR
शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर
Arid Forest Research Institute, Jodhpur
मुख्य अनुसंधान क्षेत्र
संगठन और संरचना

ARID FOREST RESEARCH INSTITUTE JODHPUR
मुख्य अनुसंधान क्षेत्र

ARID FOREST RESEARCH INSTITUTE JODHPUR

विकास की राह पर
हमारा भारत...
Alluring Rajasthan 2021
"ALLURING RAJASTHAN 2021"